**दिनांक 03.06.2026 को अभियंता प्रमुख, सिंचाई सृजन, जल संसाधन विभाग की अध्यक्षता में सम्पन्न कोशी–मेंची अंतःराज्यीय लिंक परियोना अन्तर्गत टर्न–की के आधार पर पूर्वी कोशी मुख्य नहर के कि०मी० 0.00 से कि०मी० 41.30 तक रिमोडलिंग कार्य (एकरारनामा सं०01SBD/2025-26) की समीक्षात्मक बैठक की कार्यवाही।**

**<u>बैठक में उपस्थित पदाधिकारीगण :–</u>**

1. श्री ब्रजेश मोहन, अभियंता प्रमुख, सिंचाई सृजन, जल संसाधन विभाग, पटना।
2. श्री धर्मेन्द्र कुमार, मुख्य अभियंता, यो० एवं मो०, जल संसाधन विभाग, पटना।
3. श्री अनिल कुमार, मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, जल संसाधन विभाग, सहरसा।
4. श्री प्रशांत कुमार, अधीक्षण अभियंता,यो० एवं मो० अंचल–2, जल संसाधन विभाग,पटना।
5. श्री नवीन कुमार, कार्यपालक अभियंता, यो० एवं मो० प्रमंडल–05, पटना।
6. श्री राजेश कुमार, कार्यपालक अभियंता, सिंचाई प्रमंडल, वीरपुर।

**<u>बैठक में उपस्थित संवेदक (M/S Rithwik Projects Pvt. Ltd) के प्रतिनिधिः–</u>**

1. Mr. V Ramanna, Project Manager

**<u>समीक्षात्मक बैठक के दौरान दिये गये निदेश निम्नवत् हैः–</u>**

1. दिनांक–06.05.2026 को आहुत बैठक में मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, सहरसा को परिक्षेत्राधिन सिल्ट डिस्पोजल स्थल को चिन्हित करने के साथ डिस्पोजल हेतु अन्य विकल्पों के अध्ययन हेतु क्षेत्रीय स्तर पर एक कमिटि गठित करने का निदेश दिया गया था परन्तु मुख्य अभियंता द्वारा इस आलोक में कोई भी कार्रवाई नहीं की गई है, जिसके लिए विभागीय अधिकारीयों द्वारा अप्रसन्नता जाहिर की गई एवं शीघ्र कमीटि गठित कर सिल्ट डिस्पोजल प्लान बनाने का निदेश दिया गया।

   **(कार्रवाईः मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, सहरसा)**

2. कार्यपालक अभियंता, सिंचाई प्रमंडल, वीरपुर द्वारा बतलाया गया कि वन प्रमंडल, अररिया द्वारा 4031 वृक्षों को विस्थापित करने एवं 786 वृक्षों को काटने हेतु चिन्हित किया गया है। वन एवं पर्यावरण विभाग, बिहार सरकार का पत्रांक– 1441 दिनांक– 15.11.1994 द्वारा पूर्वी कोशी मुख्य नहर के 3 आर० डी० से 135.68 आर० डी० तक रक्षित वन घोषित है।

   कार्यपालक अभियंता, सिंचाई प्रमंडल, वीरपुर को उक्त पत्र के आलोक में शीघ्र अग्रेत्तर कार्रवाई करने का निदेश दिया गया।

   **(कार्रवाईः मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, सहरसा)**

3. संवेदक प्रतिनिधि द्वारा दिनांक–15.06.2026 तक सारी संरचनाओं का रूपांकण एवं आरेखन भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, हैदराबाद से वेटिंग कराने हेतु कार्यपालक अभियंता, सिंचाई प्रमंडल, वीरपुर के कार्यालय में समर्पित करने का आश्वासन दिया गया।

**(कार्रवाईः मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन,सहरसा/ Rithwik Project Pvt. Ltd.)**

4. दिनांक–15.07.2026 तक संवेदक प्रतिनिधि द्वारा अंतिम DPR समर्पित करने का आश्वासन दिया गया।

**(कार्रवाईः मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन,सहरसा/ Rithwik Project Pvt. Ltd.)**

5. कार्यपालक अभियंता, सिंचाई प्रमंडल, वीरपुर द्वारा बतलाया गया कि केन्द्रीय जल एवं विद्युत अनुसंधान केन्द्र (CWPRS), पुणे से सेटलिंग बेसिन के मॉडल स्टडी हेतु रूपये बाइस लाख का कोटेशन उपलब्ध कराया गया है।

   सेटलिंग बेसिन का मॉडल स्टडी कार्य में हो रहे विलम्ब पर विभागीय पदाधिकारियों द्वारा अप्रसन्नता जाहिर किया गया। शीघ्र पूर्ण कराने निमित उक्त कार्य की जानकारी रखने वाले प्रमंडल एवं संवेदक के एक–एक प्रतिनिधि को CWPRS, पुणे शीघ्र भेजने का निदेश दिया गया।

**(कार्रवाईः मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन,सहरसा/ Rithwik Project Pvt. Ltd.)**

15/6/26

(ब्रजेश मोहन)
अभियंता प्रमुख, सिंचाई सृजन

ज्ञापांकः मो02 सहरसा–152/2025– 1213 / पटना, दिनांक– 15-06-2026

प्रतिलिपिः– मुख्य अभियंता, सिंचाई सुजन, जल संसाधन विभाग, सहरसा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। निदेश है कि अपने स्तर से संबंधित पदाधिकारियों/संवेदक को कार्यवाही की प्रति उपलब्ध कराते हुए दिये गये निदेशों का अनुपालन सुनिश्चित कराया जाय।

15/6/26

(ब्रजेश मोहन)
अभियंता प्रमुख, सिंचाई सृजन

ज्ञापांकः मो02 सहरसा–152/2025– 1219 / पटना, दिनांक–25-06-2026

प्रतिलिपिः– कार्यपालक अभियंता, आई० टी०, जल संसाधन विभाग, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड किये जाने हेतु प्रेषित।

(ब्रजेश मोहन)
अभियंता प्रमुख, सिंचाई सृजन